## एक नजर में

### आत्महत्या करने पहुंचे एक बुजुर्ग को बचाया

**भोपाल.** बड़े तालाब वीआईपी रोड के पास बनी रेलिंग पर शनिवार को आत्महत्या करने पहुंचे एक बुजुर्ग व्यक्ति को बचा लिया गया. बुजुर्ग जब तक पानी में छलांग लगाने की कोशिश करता. मौके पर मौजूद नगर निगम फायर ब्रिगेड के गोताखोरों ने उन्हें रोक लिया. बुजुर्ग के पास मौके पर एक सुसाइड नोट भी बरामद किया है. घटना की सूचना तुरंत ही पुलिस को दी गई. पुलिस बुजुर्ग को अपने साथ लाई और उनकी काउंसिंग कराते हुए परिजनों को सौंप दिया. बुजुर्ग के पास सुसाइड नोट मिला, जिसमें उन्होंने अपनी मौत का जिम्मेदार अपनी पत्नी और छोटे बेटे को ठहराया था.

### अड़ीबाजी करने वाला बदमाश गिरफ्तार

**भोपाल.** कमला नगर थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक बदमाश को गिरफ्तार किया. अड़ीबाजी करने के आरोपी के पास से छुरी को भी जब्त कर लिया गया. फरियादी हर्षवर्धन प्रताप निवासी कोटरा सुल्तानाबाद न आरोपी सूरज सिरवैया के खिलाफ अड़ीबाजी करने, गंदी-गंदी गालिया देने, मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने पर थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई. पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए केस दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की. आरोपी सूजल सिरवैया निवासी मंदाकनी ओरचिट पेलेस कोलार रोड को एक लोहे की धारदार छुरी के साथ पुलिस ने पकड़ा था.

# सैनी गैस एजेंसी को सप्लाई हो रहे सिलेंडरों को किया जब्त

## बड़ा सवाल 27 सिलेंडर से कैसे निकली गैस कम?

### कंपनी के डिपो से सीसीटीवी फुटेज और जीपीएस लोकेशन की मांगी जानकारी

**नवभारत संवाददाता**

**भोपाल, 11 अप्रैल. राजधानी में गैस की समस्या से जहां जनता जूझ रही थी, इससे राहत देने के लिए प्रशासन लगातार कार्रवाई करता आ रहा है. इससे जनता को राहत मिलती, उससे पहले गैस सिलेंडर से गैस चोरी का मामला सामने आया है.**



यह सिलेंडर में गैस कम निकलने का मामला अयोध्या बायपास स्थित सैनी गैस एजेंसी के लिए सप्लाई किए जा रहे सिलेंडरों का है, उनको जिला आपूर्ति विभाग ने 342 गैस सिलेंडर को जब्त कर जांच शुरू कर दी है. जांच की शुरुआत भौंरी के बकानिया स्थित आयल कंपनी के डिपो से की जा रही है, जिसके लिए अधिकारियों ने सिलेंडर की सप्लाई करने वाले वाहन रिकॉर्ड मांगा है. रिकॉर्ड में सीसीटीवी फुटेज ओर जीपीएस लोकेशन भी मांगी गई है, जिससे सिलेंडर का जो वेट हुआ, उसके संबंधित पर्ची का भी परीक्षण किया जाएगा. उक्त रिकॉर्ड के परीक्षण के बाद मामले में संलिप्त लोगों पर विभाग एफआईआर कराने की तैयारी में है.

पूरा मामला यह है कि शुक्रवार को डिपो से सैनी गैस एजेंसी तक गैस सप्लाई के दौरान बड़ी गड़बड़ी सामने आई थी. भौंरी के बकानिया स्थित इंडेन ऑयल कंपनी के डिपो से निकले 342 घरेलू सिलेंडरों के ट्रक में से 27 सिलेंडरों में 2 से 3 किलो तक गैस कम पाई गई थी. साथ ही 5 सिलेंडर बिना सील के मिले, जिससे पूरी सप्लाई व्यवस्था संदेह के घेरे में आ गई. अब विभाग जांच कर रहा है कि आखिर यह हेराफेरी कितने दिनों से चल रही थी और इस रैकेट में कौन कौन लोग संलिप्त है.

अफसरों का कहना है कि जल्द ही जांच में खुलासा होगा कि आखिर 27 सिलेंडर से कैसे गैस निकाली गई. फूड कंट्रोलर चंद्रभान सिंह जादौन का कहना है कि ऑयल कंपनी के डिपो से रिकॉर्ड मांगा गया है. जीपीएस लोकेशन से पता चल जाएगा कि ट्रक कहां-कहां रुका था. वहीं डिपो से निकलते समय की स्थिति भी सीसीटीवी से पता चल जाएगी.

**ऑइल कंपनी एजेंसी का लाइसेंस कर सकती रद्द**

फूड कंट्रोलर जादौन का कहना है कि सैनी गैस एजेंसी के वाहन में पहले भी सिलेंडर में गैस कम होने का विभाग द्वारा प्रकरण बनाया गया था. वहीं इस संबंध में कलेक्टर को जांच प्रतिवेदन भी भेजा गया. इसी आधार पर कंपनी ने सैनी गैस एजेंसी को नोटिस भी जारी किया था. एक बार फिर से इसी तरह का मामला सामने आया है. ऑयल कंपनी कभी भी एजेंसी का लाइसेंस निरस्त कर सकती है, यह उनके अधिकार क्षेत्र में है.

इसके अलावा ट्रांसपोर्टर का रिकार्ड भी मांगा गया है कि इसके वाहन कहां कहां सप्लाई में लगे हुए है. डिपो से गोडाउन पहुंचने में सिलेंडर से भरे वाहन को 13 घंटे का समय क्यों लगा इस बिंदु को भी जांच में शामिल किया गया है. डिपो से गोदाम की दूरी करीब 20 किमी है. इधर इस मामले में गैस एजेंसी संचालक ने सिलेंडर में गैस की गड़बड़ी में खुद की संलिप्पता होने से इंकार किया है. आईओसीएल डिपो से एजेंसियों तक सिलेंडर सप्लाई का ठेका श्रीबालाजी ट्रांसपोर्ट ग्वालियर को दिया गया है.

# फोटो के नियम में असमंजस से छूटी छात्रों की परीक्षा

## प्रबंधन ने की छात्रों से अभद्रता



रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया सहायक पद परीक्षा का मामला

मौके पर छात्रों में भारी नाराजगी फैल गई. इस बीच छात्र और प्रबंधन के अधिकारियों के बीच कहासुनी भी हुई. वहीं छात्रों ने बताया कि प्रबंधन के कुछ अधिकारियों पर उनके साथ कॉलर पकड़ कर अभद्र व्यवहार भी किया. अभ्यर्थियों ने मांग की है कि मामले की जांच कर जिम्मेदारों पर कार्रवाई हो और प्रभावित छात्रों के लिए दोबारा परीक्षा का अवसर दिया जाए.

**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 11 अप्रैल. दानिश कुंज कोलार रोड स्थित राजीव गांधी प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के आइओएन डिजिटल सेंटर में शनिवार को रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया सहायक पद पैनल 2025 की प्रारंभिक परीक्षा अव्यवस्था की भेंट चढ़ गई.**

करीब दर्जन भर अभ्यर्थियों का पेपर सिर्फ फोटो के नियम में अचानक बदलाव के कारण छूट गया. अभ्यर्थियों ने बताया कि एडमिट कार्ड में एक केवल एक पासपोर्ट साइज फोटो लाने का निर्देश था, लेकिन परीक्षा केंद्र पर दो फोटो लाने मांगी गई. इतना ही नही प्रवेश दोपहर 2 से 3 बजे के बीच होना था, लेकिन गेट करीब 2 बजकर 40 मिनट पर खोला गया. वहीं असमंजस की स्थिति में जब तक छात्रों से प्रबंधन ने कहा कि एक एक्स्ट्रा फोटो लेकर आए और प्रवेश का गेट बंद कर दिया गया, जिससे छात्रों के साल भर की मेहनत पर पानी फिर गया.

# डूब रहे युवक को डायल-112 ने बचाया

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल, 11 अप्रैल. खंडवा जिले के मोघट रोड थाना क्षेत्र में डायल-112 टीम ने त्वरित और साहसिक कार्रवाई करते हुए तालाब में डूब रहे 30 वर्षीय युवक को सुरक्षित बचाकर परिजनों के सुपुर्द किया.**



प्राप्त जानकारी के अनुसार, शुक्रवार को राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम, भोपाल को सूचना मिली कि बिजौरा भील गांव में एक व्यक्ति तालाब में फिसलकर गिर गया है और मदद के लिए पुकार रहा है. सूचना मिलते ही नजदीकी डायल-112 एफआरवी को तत्काल मौके के लिए रवाना किया गया. घटनास्थल पर पहुंचकर प्रधान आरक्षक गणेश खत्री और पायलट देवेंद्र ने युवक को पानी में संघर्ष करते हुए देखा. उन्होंने एसडीईआरएफ टीम के साथ समन्वय स्थापित कर तुरंत रेस्क्यू अभियान शुरू किया और युवक को सुरक्षित बाहर निकाल लिया. बाद में युवक को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया. डायल-112 टीम की तत्परता और समन्वित प्रयास से एक बड़ी दुर्घटना टल गई, जो आपात स्थिति में उनकी प्रतिबद्धता और बहादुरी को दर्शाता है.

# कंपनी संचालक सहित 9 आरोपियों पर केस दर्ज

▸ नौकरी देने के नाम पर ठगी का मामला

**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 11 अप्रैल. एमपी नगर जोन-1 इलाके में बेरोजगार युवाओं के साथ नौकरी देने के नाम पर ठगी का मामला सामने आया है.**

आरोप है कि युवाओं के साथ ठगी की वारदात के बाद कंपनी संचालक और वहां के अन्य कर्मचारी गायब हो गए. एमपी नगर थाना पुलिस ने मामले में केस दर्ज करते हुए, जांच शुरू कर दी है. जानकारी के मुताबिक जोन-1 इलाके में एक सिक्योरिटी कंपनी ने कुछ समय पहले एचआर पद के लिए आवेदन निकाला था. कंपनी ने इसके लिए करीब 26 युवक-युवतियों से पांच सौ रुपये आवेदन फीस और सिक्योरिटी के नाम पर करीब साढ़े तीन हजार रुपये जमा करवाए. आरोप है कि संबंधित कंपनी ने नौकरी देने के बाद इन युवाओं से टेली मार्केटिंग का काम कराना शुरू किया. कंपनी में काम करते हुए एक युवती और दो युवकों को कंपनी की गतिविधियों पर शंका हुई, तो उन्होंने नौकरी छोड़ने और अपनी सिक्योरिटी राशि वापसी की मांग की थी.

# एनआईसीयू वार्ड में हर हफ्ते हो रहा पेस्ट कंट्रोल

## सीएमएचओ बोले - हर हफ्ते पेस्ट कंट्रोल संभव नहीं

**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 11 अप्रैल. एम्स के एनआईसीयू वार्ड में मौजूद चूहों का मामला सामने आया है. जिलों के अस्पतालों में नवजात शिशु की सुरक्षा को लेकर लोगों की चिंता फिर से बढ़ गई है.**

इस बीच जिले के अस्पतालों में नवजातों की सुरक्षा को लेकर विशेष ध्यान देना शुरू कर दिया गया है. शनिवार को नवभारत रिपोर्टर ने हमीदिया अस्पताल में नवजातों की सुरक्षा को बरती जा रही सावधानी को लेकर अस्पताल अधीक्षक से पूछा- पेस्ट कंट्रोल कितने दिनों में हो रहा है. जवाब में अधीक्षक सुनीत टंडन ने बताया कि हम हर हफ्ते पेस्ट कंट्रोल करवाते हैं और विशेष ध्यान देते हैं, हमारे यहां ऐसी कोई समस्या नहीं है.



अस्पताल के किसी भी वार्ड में किसी भी तरह के कीड़े मकोड़े, चूहे और कॉकरोच मिलना खतरनाक है. खासकर के बच्चों और एनआसीयू वार्ड में, चूहे सीधे तौर पर बच्चों के किसी अंग को कुतर सकते हैं. वही इनसे लाइटस्पेरोसिस और रैट बाइट फीवर जैसा संक्रमण हो सकता है. जो खतरनाक है. इसी कारण एनआसीयू वार्ड में खासकर के खाने के सामान लाने की भी मनाही होती है. जिससे यहां चूहे, कॉकरोच या अन्य कीड़े मकोड़े न आ सके.

**-डॉ मंजूषा गोयल,** बाल चिकित्सा विशेषज्ञ

**हर तीन महीने में पेस्ट कंट्रोल अनिवार्य**

गाइडलाइंस के अनुसार अस्पताल में हर 3 महीने में पेस्ट कंट्रोल करवाना अनिवार्य है. विशेष स्थितियों में पहले भी पेस्ट कंट्रोल करवा सकते हैं लेकिन हर हफ्ते संभव नहीं है.

**-मनीष शर्मा,** सीएमएचओ, भोपाल

# अजाक्स के दो गुट आपस में भिड़े

▸ थाने में शिकायत कर कार्रवाई की मांग


**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 11 अप्रैल. टीटी नगर स्थित आंबेडकर भवन में शनिवार को आयोजित कार्यक्रम के दौरान अजाक्स के दो गुट आपस में भिड़ गए. पार्टी के प्रांतीय अध्यक्ष ने मामले का शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की है.**

ज्योतिबा फुले जयंती के उपलक्ष्य में भजन कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा था. आरोप है कि इस दौरान कर्मचारी नेता मुकेश मौर्य और उनके समर्थक वहां पहुंचे और कार्यक्रम का विरोध करने लगे. घटना की सूचना तुरंत ही टीटी नगर थाना पुलिस को दी गई. मौके पर पहुंची पुलिस ने मामला को शांत कराया. घटना स्थल पर की गई अभद्रता की सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस को सौंपे गए हैं. मामले में फरियादी पक्ष का आरोप है कि अजाक्स के फर्जी अध्यक्ष मुकेश मौर्य द्वारा संगठन के बाहर के असामाजिक तत्व को बुलाकर संगठन के प्रमुख पदाधिकारियों के साथ गालीगलौच मारपीट कर अपमानजनक भाषा का उपयोग किया और उन्हें जान से मारने की धमकी दी. आरोप है कि मामले ने तब तूल पकड़ा, जब संगठन के रजनी नारायन ने सामाजिक कार्यकर्ता इंदुताई पाटिल और राजेश अहिरवार को कार्यक्रम में कुर्सी पर बैठे होने पर उन्हें धक्का देकर हटा दिया था.

# भोपाल की 10 ट्रेनों में बदली कोच संरचना

## यात्रियों को मिलेगी सस्ती एसी सुविधा



**भोपाल, 11 अप्रैल. यात्रियों की बढ़ती मांग और सुविधा को ध्यान में रखते हुए भोपाल मंडल ने ट्रेनों की कोच संरचना में महत्वपूर्ण बदलाव किया है. रेलवे प्रशासन द्वारा 10 ट्रेनों में स्थायी रूप से आंशिक संशोधन किया जा रहा है, जिसके तहत एसी-3 टियर कोच की जगह एसी-3 इकॉनॉमी कोच जोड़े जाएंगे.**

रानी कमलापति-हजरत निजामुद्दीन एक्सप्रेस (12155) में 17 जून और वापसी गाड़ी (12156) में 20 जून से नया कोच संयोजन प्रभावी होगा. इसके अलावा, भोपाल-सिंगरौली (22165) और सिंगरौली-भोपाल (22166), भोपाल-चोपन (11633) और चोपन-भोपाल (11634), तथा भोपाल-धनबाद (11631) और धनबाद-भोपाल (11632) ट्रेनों में भी 20 से 24 जून के बीच यह बदलाव लागू किया जाएगा. रेलवे अधिकारियों का कहना है कि इस स्थायी कोच संयोजन से यात्रियों को बेहतर सुविधा मिलेगी और भीड़ प्रबंधन में भी मदद मिलेगी.

रेलवे के अनुसार, इस पहल का मुख्य उद्देश्य यात्रियों को किफायती एसी यात्रा उपलब्ध कराना और बढ़ती भीड़ को बेहतर ढंग से प्रबंधित करना है.

एसी-3 इकॉनॉमी कोच में अधिक यात्रियों के बैठने की क्षमता होती है, जिससे अधिक लोगों को आरक्षण मिल सकेगा. यह परिवर्तन जून 2026 से चरणबद्ध तरीके से लागू होगा.

रानी कमलापति- रीवा एक्सप्रेस (12185) में 15 जून से, जबकि रीवा-रानी कमलापति एक्सप्रेस (12186) में 16 जून से बदलाव लागू होगा.

### महिला से शादी का झांसा देकर दुष्कर्म

**भोपाल.** एमपी नगर थाने में एक तलाकशुदा महिला ने आरोपी युवक के खिलाफ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का केस दर्ज कराया है. पीड़िता ने आरोप लगाया कि आरोपी ने कई बार उसका गर्भपात भी कराया है. पुलिस ने मामले की जांच करते हुए आरोपी तलाश शुरू कर दी है. 24 वर्षीय पीड़िता ने थाने में अपने साथ हुए दुष्कर्म का केस दर्ज कराया है. पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह मूलतः यूपी कानपुर की रहने वाली है. आरोपी युवक एक नामी बिल्डर का बेटा है. पीड़िता की शादी पूर्व में हुई थी, लेकिन उसकी शादी लंबे समय तक नहीं चल पाई और पति से उसका तलाक हो गया था.

# बारिश की वजह से गेहूं का दाना मिला सिकुड़ा

## जिला खाद्य प्रशासन के अधिकारी भी रहे मौजूद

**खरीदी केंद्रों पर पहुंचा खाद्य मंत्रालय का दल**

**नवभारत संवाददाता**

**भोपाल, 11 अप्रैल. जिले में उपार्जन केंद्रों पर गेहूं की खरीदी चल रही है. ऐसे में भारत सरकार की खाद्य मंत्रालय की टीम, खाद्य विभाग, नागरिक आपूर्ति निगम एवं वेयरहाउस के अधिकारियों द्वारा लेक्चर लॉस गेहूं के संबंध में उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण किया, जो गेहूं की खरीदी की जांच कर रही है.**



शनिवार को टीम समर्थन मूल्य पर की जा रही गेहूं खरीदी की जांच करने स्टील साइलो मुगालिया कोर्ट, सुविधा वेयर हाउस निपानिया, आर्य वेयर हाउस निपानिया, ठाकुर वेयर हाउस, शिव वेयर हाउस भोरासा एवं सोनिका वेयर हाउस खरीदी केंद्रों पर पहुंचे और उनका निरीक्षण किया. इस दौरान आंधी-बारिश के वजह से गेहूं का दाना सिकुड़ा मिला. टीम यह रिपोर्ट केंद्र सरकार को सौंपेगी. इससे फसल की नुकसान का आकलन हो सके. जिला खाद्य अधिकारी चंद्रभान सिंह जादौन ने बताया कि टीम जांच कर रही है. कुछ केंद्रों का निरीक्षण कर गेहूं की गुणवत्ता देखी है. प्रशासन की टीम भी उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण कर रही है, जिससे किसानों को कोई दिक्कत न हो.

**प्रेसवार्ता** ▸ शहर अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना ने कहा कि भोपाल का अंतिम स्वीकृत मास्टर प्लान वर्ष 1995 का था

# सरकार पर मास्टर प्लान लागू न करने का आरोप

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल, 11 अप्रैल. शहर कांग्रेस कमेटी ने शनिवार को राज्य सरकार पर अद्यतन मास्टर प्लान लागू न करने का आरोप लगाते हुए प्रशासनिक लापरवाही और खराब शहरी नियोजन को जिम्मेदार ठहराया.**



प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए शहर अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना ने कहा कि भोपाल का अंतिम स्वीकृत मास्टर प्लान वर्ष 1995 का था, जो 2005 में समाप्त हो गया था, उस समय शहर की आबादी लगभग 11 लाख थी. उन्होंने बताया कि वर्ष 2018 में कांग्रेस सरकार के दौरान मास्टर प्लान 2031 तैयार किया गया था, लेकिन सरकार गिरने के बाद उसे लागू नहीं किया जा सका. वर्तमान में भोपाल की आबादी 25 से 30 लाख के बीच पहुँच चुकी है, जिसके बावजूद शहर का विस्तार बिना किसी सुनियोजित योजना के हो रहा है. उन्होंने 1.20 लाख से अधिक अवैध निर्माणों का भी हवाला दिया.

सक्सेना ने ट्रैफिक जाम, पानी की कमी, खराब सीवरेज और मूलभूत सुविधाओं के अभाव जैसी समस्याओं को रेखांकित किया. कांग्रेस ने नए मास्टर प्लान को तत्काल लागू करने, कॉलोनियों के नियमितीकरण और देरी के लिए जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग की.

**भव्य वाहन रैली 12 को**

**भोपाल.** अप्रैल माह को प्रगतिशील और संवैधानिक मूल्यों के अनुयायियों के लिए गौरव का महीना माना जा रहा है, क्योंकि इसी दौरान महान समाज सुधारकों ज्योतिबा फुले और भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई जाती है. इस अवसर पर 12 अप्रैल को 10 नंबर चौराहे से एक भव्य वाहन रैली निकाली जाएगी, जो बोर्ड ऑफिस चौराहे स्थित डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा तक जाएगी, जहां पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी. कार्यक्रम में कांग्रेस के प्रमुख नेता अरुण श्रीवास्तव, पीसी शर्मा, आरिफ मसूद, अमित शर्मा और प्रवीण सक्सेना शामिल होंगे. आयोजन सिद्धार्थ मोरे द्वारा किया जा रहा है. विक्रम चौधरी ने फुले और अंबेडकर के योगदान को याद करते हुए नागरिकों से उनके आदर्शों का पालन करने और अधिक से अधिक संख्या में रैली में शामिल होने की अपील की है.

# बुजुर्ग से लूट करने वाले की तलाश जारी

## श्यामला हिल्स थाना में हुई थी लूट

▸ अस्पताल में घायल डॉक्टर का इलाज जारी

▸ डिजिटल रूटमैप तैयार कर जांच की जारी

**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 11 अप्रैल. श्यामला हिल्स थाना पुलिस बुजुर्ग डॉक्टर के साथ हुई लूट के मामले में बदमाशों की तलाश में जुटी है. पुलिस का दावा है कि 11 तोला सोना लूटने वाले बाइक सवारों के बारे में अहम सुराग हाथ लगे हैं.**

पुलिस जल्द ही बदमाशों की गिरफ्तारी अब कर सकती है. घायल डॉक्टर का अस्पताल में इलाज जारी है.

जानकारी के मुताबिक डॉ. मनोज वर्मा प्रोफेसर कॉलोनी में रहते हैं. वह क्षय रोग प्रशिक्षण केंद्र के डायरेक्टर हैं. शुक्रवार को सुबह रोजाना की तरह वह साइकिलिंग के लिए निकले थे. घटना वाले दिन जब वह किलोल पार्क के पास पहुंचे. इस दौरान पीछे से आए दो बाइक सवार युवकों ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी. डॉ. वर्मा अपनी साइकिल सहित जमीन पर गिर पड़े, तभी मौका देख कर बदमाशों ने उनकी आंखों में मिर्ची झोंक दी. डॉक्टर मनोज ने अपने एक हाथ में 11 तोले का सोने का कड़ा पहना था. बदमाशों ने उसे निकल लिया. इसके साथ ही उनकी स्मार्टवॉच और जेब में रखा पर्स, जिसमें करीब ढाई हजार रुपये नकद थे. वह कभी छीन कर बदमाश फरार हो गए. वारदात के दौरान घायल डॉक्टर मनोज को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है.

मामले की शिकायत के बाद श्यामला हिल्स थाना पुलिस की कार्रवाई जारी है. पुलिस घटनास्थल से लेकर शहर के अलग-अलग स्थानों की सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है. पुलिस ने एक डिजिटल रूटमैप तैयार किया है, जिससे यह पता लगाया जा सके कि बदमाश किस रास्ते से आए थे और किधर फरार हुए.